RCMS : 2020/00022

11/2020

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

श्रीमान जी,

निवेदन है कि श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला पंजीयक, श्रीगंगानगर के आदेश कमांकः–पंजी/11/2338 दिनांक 23.11.2011 द्वारा श्रीमान् जी को बन्द वसीयत प्रार्थना पत्र एवं बन्द वसीयत खुलवाने बाबत् अधिकृत किया हुआ है। जिसकी पालना में उक्त बन्द वसीयत को खोलने की कार्यवाही की जा रही है।

प्रार्थी श्री माना राम पुत्र श्री हरी राम जाति कुम्हार निवासी महिंयावाली तहसील व जिला श्रीगंगानगर ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, मूल रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसनामा, आई डी प्रूफ पेश कर निवेदन किया है कि मेरे पिता श्री हरी राम पुत्र श्री भैरा राम जाति कुम्हार निवासी गांव महियांवाली तहसील व जिला श्रीगंगानगर ने दिनांक 30.01. 2013 को वसीसत कस्टडी में रखवाई थी। प्रार्थी के पिता का देहान्त दिनांक 21.01.2020 को हो चुका है। उनके द्वारा दिनांक 30.01.2013 को रखवाई गयी बंद वसीयत खोला जाकर निष्पादन की कार्यवाही हेतु निवेदन किया।

प्रार्थी को गवाहान विजय कुमार पुत्र जेठा राम एवं दुन्नी चंद पुत्र पृथ्वीराज ने पहचाना। प्रार्थी व गवाहों की पहचान अधिवक्ता श्री अरविन्द कुमार द्वारा की है। अतः नियमानुसार एवं विधिसम्मत कार्यवाही से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर वसीयत खोले जाने हेतु आदेशार्थ प्रस्तुत है।

अवलोकनार्थ एवं आदेशार्थ प्रस्तुत है।

18/2/20

<u>जिला पंजीयक महोदय</u>